दिनांक 06.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

एसएनजी विद्यालय में डोमशेड निर्माण के लिए महापौर श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन, कार्यक्रम आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन सहित विद्यार्थियों को मिलेगी सहूलियत

भिलाईनगर। सेक्टर 04 वार्ड 51 स्थित एसएनजी विद्यालय में डोमशेड का निर्माण किया जाएगा इसके लिए आज सुबह महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम तुलसी साहू , स्थानीय पार्षद राजेश चौधरी, स्कूल प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत आयोजित हुआ। विद्यालय परिसर में डोमशेड निर्माण होने से विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए सहूलियत मिलेगी, इसके लिए श्री यादव ने विधायक निधि से 10 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। स्कूल प्रबंधन ने विकास कार्य से खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। महापौर श्री यादव ने कहा कि स्कूल आने के दौरान डोमशेड की मांग प्रबंधन द्वारा की गई थी , जिसको देखते हुए डोमशेड की स्वीकृति देकर आज कार्य की शुरुआत कर दी गई है, स्कूल प्रबंधन द्वारा अब किसी भी कार्यक्रम के लिए रुकावट नहीं आएगी! भूमिपूजन होने के बाद महापौर ने उपस्थित सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता को डोमशेड निर्माण कार्य को शीघ्रता से प्रारंभ कराने के निर्देश दिए है। भिलाई निगम क्षेत्र के सेक्टर 04 स्थित एसएनजी विद्यालय में डोम शेड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया।10 लाख की लागत से विद्यालय के भीतर बनने वाले डोमशेड से विद्यार्थियों को बारिश एवं गर्मी के दिनों में प्रार्थना एवं विभिन्न तरह के आयोजन करने में आसानी होगी। महापौर ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया! स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं , लैब, लाइब्रेरी एवं क्लासरूम से अवगत कराया। भूमिपूजन के दौरान स्कूल प्राचार्य कोमल बेदी, ई.वी. रंजन, पी.आर. संतोष, सी. बीजू, के.एस. चंद्रन, निगम के उप अभियंता श्वेता महेश्वर एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक एवं निगम के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी